दैनिक
# न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, रविवार 28 अक्टूबर 2018

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

## विकास के नये पैमाने में करोड़पति

खबर यह है जी कि अपने देश में पिछले तीन साल में करोड़पति अड़सठ फीसद बढ़ गए। असल में करोड़पतियों के बढ़ने के बारे में तो खबर मिलती ही रहती है। मसलन, चुनाव लड़ने वाले करोड़पतियों की संख्या निरंतर बढ़ती ही जा रही है। हालांकि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की संख्या भी बढ़ रही है, यह भी पता चल जाता है।

विकास को असल में इन्हीं दोनों पैमानों से मापा जा सकता है। इससे नहीं मापा जा सकता कि बेरोजगारों की संख्या कितनी करोड़ बढ़ गयी। नोटबंदी और जीएसटी से कितने लाख उद्योग धंधे और कामकाज बंद हो गए। विकास को इससे भी नहीं मापा जा सकता कि इन वर्षों में कितने लाख किसानों ने आत्महत्या की और यह दर किस गति से बढ़ रही है। महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार और उनके साथ होने वाले यौन अपराधों में कितनी बढ़ोतरी हुई, इससे भी विकास को नहीं मापा जा सकता। कितने बच्चे गायब हो गए, लापता हो गए, इससे विकास का क्या लेना-देना। विकास मापने का यह तरीका है ही नहीं कि यह बताया जाए कि बैंकों के डूबे हुए कर्ज कितने बढ़ गए और बैंकों का पैसा मार कर कितने करोड़पति देश छोड़कर भाग गए।

विकास मापने का तरीका यह है कि कितने किलोमीटर सड़कें बन गयीं। कितने शौचालय बन गए। कितने लोगों ने टैक्स चुकाया। क्योंकि खबर यह है कि टैक्स चुकाने वालों की संख्या भी बढ़ रही है। असल में टैक्स चुकाए बिना यह विश्वास नहीं दिलाया जा सकता कि हम बैंकों से जो कर्ज ले रहे हैं, वह सचमुच चुका देंगे।

विश्वविद्यालयों और कालेजों में फीस न चुका पाने की वजह से कितने छात्रों ने आत्महत्या की, यह विकास का पैमाना नहीं हो सकता। काम धंधे बंद होने से कितने दुकानदार और कारोबारी बर्बाद हो गए, इनकी संख्या कोई नहीं बताएगा। दहेज की भेंट कितनी महिलाएं चढ़ीं, कितने लोग दंगों के शिकार हुए, इनकी गिनती नहीं होती है। फिर भीड़ की हत्या में कितने मरे। विकास का पैमाना यह थोड़े ही हो सकता है कि गरीबों और बेरोजगारों की संख्या कितनी बढ़ी। विकास का पैमाना तो यही हो सकता है कि करोड़पतियों की संख्या कितनी बढ़ी और अच्छी बात यह है कि वह अड़सठ फीसद बढ़ गयी है।

अब सरकार को एक काम और करना चाहिए। विकास के पैमाने के तौर पर यह बताना भी शुरू कर देना चाहिए कि अमिताभ बच्चन ने कितने करोड़पति बनाए। इसके अलावा कितने करोड़पति और अरबपति देश छोड़ कर अच्छा और बेहतर जीवन जीने के लिए विदेश जाकर बस गए, इसे भी एक पैमाना बना देना चाहिए। अच्छा तो यह हो कि कितने करोड़पति बैंकों का कर्ज खाकर भाग गए, इसे भी विकास का एक पैमाना बना देना चाहिए।

## एसबीआई की यह सर्विस होने जा रही है बंद, आप भी हो जाएं सावधान

नई दिल्ली। देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने अपने मोबाइल वॉलेट SBI Buddy को बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है. देश के सबसे बड़े ऋणदाता बैंकों में शुमार एसबीआई ने ग्राहकों को जानकारी देते हुए कहा कि उसने अपने मोबाइल वॉलेट को बंद करने का फैसला लिया है. बैंक उन वॉलेट को पहले ही बंद कर चुका है, जिनमें कोई बैलेंस नहीं था. हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि जिन खातों में बैलेंस है, बैंक उन्हें कैसे और कब बंद करेगा. बैंक ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट के जरिये लोगों



को सूचित किया कि 30 नवंबर तक मोबाइल वॉलेट SBI Buddy को पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा.

SBI ने 2015 में मोबाइल वॉलेट के बढ़ते चलन को देखते हुए 13 भाषाओं में मोबाइल वॉलेट ऐप SBI Buddy लॉन्च किया था. इसमें मास्टरकार्ड सर्विस प्रोवाइडर और जबकि Accenture तकनीकी पार्टनर था.

SBI मोबाइल वॉलेट लॉन्च करने वाला पहला बैंक नहीं था. इससे पहले HDFC पेजैप और ICICI पॉकेट नाम से अपना मोबाइल वॉलेट लॉन्च कर चुके थे. एसबीआई का यह मोबाइल वॉलेट ना केवल एसबीआई के ग्राहकों के लिए था, बल्कि यह सभी अन्य बैंकों के ग्राहकों के लिए भी उपलब्ध था. 2017 के अंत में, एसबीआई के वॉलेट पर 12.505 मिलियन रजिस्टर्ड यूजर थे.

### एसबीआई ने लॉन्च किया एसबीआई योनो

एसबीआई जहां अपने वॉलेट को बंद करने जा रहा है, वहीं, इंटीग्रेटेड डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म एसबीआई योनो को लॉन्च किया है. भारत में बढ़ते मोबाइल ग्राहकों और टेक सेवी लोगों को ध्यान में रखते हुए SBI ने यह ऐप लॉन्च किया है. इसके साथ ही बैंक ने अपने कस्टमर्स इंगेजमेंट बढ़ाने के लिए रिलायंस के साथ एक डील की है. इस डील के चलते माई जियो ऐप अब आपको SBI और जियो पेमेंट बैंक की मदद से वित्तीय सेवाएं देगी.

### टॉप 5 फाइनेंशियल ऐप में है शामिल

एसबीआई का योनो, ऐप स्टोर और प्ले स्टोर पर मौजूद शीर्ष 5 फाइनेंशियल ऐप्स में से एक है. योनो के लॉन्च होने के बाद, एसबीआई ने आईआरसीटीसी, बुकमाईशो, एसओटीसी, एक्सपीडिया, किंडल, बुकिंग डॉट कॉम और मोजार्टो सहित 25 नए ई-मर्चेंटस को इसमें शामिल किया है. इसके साथ ही टाटा मोटर्स, हुंडई, फोर्ड जैसी ऑटो कंपनियों के साथ योनो पर उपलब्ध मर्चेंट्स की कुल संख्या 85 तक पहुंच गई है.

## ट्रेन में खाने-पीने की चीजें मिलेंगी सस्ती, दिवाली से पहले शुरू हो सकती है यह सुविधा


नई दिल्ली। भारतीय रेलवे स्टेशन पर या ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों को खाने-पीने की चीजें खरीदने के लिए कैश के झंझट से मुक्ति दिलाने जा रहा है. आप डेबिट या क्रेडिट कार्ड से सीधे भुगतान कर सकेंगे. रेलवे वेंडरों को पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) हैंड हेल्ड मशीन देने की तैयारी कर रहा है. माना जा रहा है कि दिवाली से पहले यानी एक नवंबर से शताब्दी, दुरंतो और राजधानी जैसी ट्रेनों से इस प्रोजेक्ट की शुरुआत हो जाएगी. दुरंतो, शताब्दी और राजधानी आदि ट्रेनों में यात्रियों से खानपान का चार्ज टिकट के साथ लिया जाता है. इसके अलावा भी ट्रेन में यात्री पानी की बोतल, चाय, नमकीन आदि सामान भी खरीदते हैं. इनका पैसा वेंडरों को कैश देना पड़ता है. इसमें वेंडरों द्वारा अधिक चार्ज करने की शिकायतें आती रहती हैं. इसको रोकने के लिए रेलवे वेंडरों को पीओएस मशीन देने की तैयारी कर चुका है जिसमें आप



केवल खाने का वही दाम चुकाएंगे जो वास्तविकता में है.

रेलवे मंत्री पीयूष गोयल के मुताबिक फिलहाल ये सुविधा 185 ट्रेनों में लागू की गई है. इतना ही नहीं, इसको सख्ती से लागू करने की मंत्रालय कर चुका है. अगर वेंडर ने बिल नहीं तो खाना फ्री इसका प्रावधान भी किया है. इतना ही नहीं वेंडरों की पहचान करना भी रेलवे के लिए आसान हो जाएगा. अभी ट्रेनों में आईआरसीटीसी और पेंट्रीकार के साथ अवैध वेंडर भी सामान बेचते हैं. इनकी वजह से ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों को महंगा खानपान मिलता है.

## इसलिए लगाई जाती है मंदिर में परिक्रमा



मंदिर और भगवान की मूर्ति के आसपास परिक्रमा करने से सकारात्मक ऊर्जा शरीर में प्रवेश करती है और मन को शांति मिलती है. साथ ही यह भी मान्यता है कि नंगे पांव परिक्रमा करने से अधिक सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त होती है. इसके अलावा यह भी कहा गया है कि जब भगवान गणेश जी ने अपने भाई कार्तिकेय के साथ पूरी सृष्टि के चक्कर लगाने की शर्त रखी थी तभी उन्होंने अपनी चतुराई से पिता शिव और माता पार्वती के तीन चक्कर लगाए थे और उन्हें विजय प्राप्त हुई थी क्योंकि पूरी सृष्टि माता पिता के चरणों में ही है। इसी वजह से भी लोग पूजा के बाद संसार के निर्माता के चक्कर लगाते हैं. ऐसा भी कहा जाता है कि परिक्रमा करने से घर में धन-समृद्धि आती है।

जब भी आप मंदिर जाते हैं तो आपने कई लोगों को मंदिर की परिक्रमा करते देखा होगा या फिर आपने भी कई बार मंदिर की परिक्रमा लगाई होगी. इसके अलावा भी आपने लोगों को सुबह-सुबह सूर्य पूजा के दौरान भी गोल-गोल घूमते देखा होगा. लेकिन कभी आपने इस बात को गहराई से सोचा है या फिर ये जानने की कोशिश की है कि आखिर लोग ऐसा करते क्यों हैं.

आज हम आपको बताएंगे इससे जुड़ी कई सारी ऐसी बातें जिन्हें आपने आज तक शायद ही सुनी होंगी. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ऐसा कहा गया है कि

## अमेजन डॉट कॉम के शेयरों में आई सबसे बड़ी गिरावट





नई दिल्ली। अमेजन डॉट कॉम के शेयरों में शुक्रवार को पिछले चार सालों की सबसे बड़ी गिरावट आई है.

यह गिरावट वाल स्ट्रीट में टेक प्रमुख अल्फाबेट की बढ़ती प्रतिस्पर्धा व अमेजन की त्योहारी सत्र की सेल द्वारा अनुमान के मुताबिक प्रदर्शन न करने के कारण रही अमेजन के शेयरों में आई 9 प्रतिशत की इस गिरावट से कंपनी का मार्केट मूल्य 80 अरब डॉलर से भी अधिक गिरा है, जिसके परिणाम स्वरूप कंपनी मार्केट मूल्य के मामले में माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन और एप्पल से पीछे हो गई है वहीं गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट के शेयरों में 6 प्रतिशत की गिरावट रही, जिसके बाद उसका मार्केट मूल्य 45 अरब डॉलर घटा है।

## आज का राशिफल

**मेषः** किसी कारण आज आपको खुद पर कंट्रोल करना पड़ सकता है। परीक्षा का दौर चल रहा है, बेहतर होगा कि आप अपने काम में ज्यादा ध्यान दें। शाम को घर में अधिक समय बिताने से घरवालों को अच्छा लगेगा।

**वृषभः** दिनभर काफी बिजी शेड्यूल रहेगा। शाम तक अच्छी खबरें मिलेंगी और आप फायदे में भी रहेंगे। प्रोफेशनल मामले में सावधानी बरतने से होने वाले नुकसान को बचाया जा सकता है।

**मिथुनः** आज का दिन एक्साइटमेन्ट से भरा है, दोपहर तक कोई टेलीफोन कॉल के जरिए किसी खास मामले में जानकारी दे सकता है। विद्यार्थी अपना ज्यादा से ज्यादा ध्यान पढ़ाई में लगाएं तो फायदा मिलेगा।

**कर्कः** आज का दिन आपके लिए स्पेशल साबित हो सकता है। किसी एक ही तरकीब पर काम करना काफी रहेगा। आज कोई रिस्क वाला कदम न उठाएं। परिवार मे मौजूद आपके विरोधी फिलहाल कुछ समय तक सिर नहीं उठा पाएंगे।

**सिंहः** दिन बहुत अच्छा बीतेगा। दिल में कोई बात या नया आइडिया हो तो आगे बढ़ें फायदा जरूर होगा। रिश्तेदारों से पुराने गिले शिकवे दूर करने का समय है। दोस्तों के साथ रहने से फायदा हो सकता है।

**कन्याः** आज आपका दिन काफी व्यस्त कर देने वाला होगा। दिमाग से किए गए काम का फायदा होगा और इसकी खुशी होगी। पुराने समय से चली आ रही टेंशन भी कम हो जाएगी।

**तुलाः** आपको दिन के पहले हिस्से मे फोन कॉल्स के जरिए आज कोई खुशखबरी मिलेगी। ऑफिस के साथी भी टीमवर्क से खुश होंगे। लेनदेन और बिजनस में खतरा हो सकता है। खर्च भी थोड़ा बढ़ सकता है।

**वृश्चिकः** दिन के पहले हिस्से में मेहनत कुछ ज्यादा ही करनी होगी। शाम तक मुनाफे के कई मौके आएंगे। घूमने-फिरने के मौके जब भी आते हैं आप हमेशा तैयार रहते हैं। ऐसा ही मौका आज शाम को भी मिल सकता है।

**धनुः** आज आपका टाइम अच्छा है इसका पूरा फायदा उठाएं। ऑफिस में साथियों से बहस में न उलझें। घूमने-फिरने से कोई जरूरी काम बन सकता है। किसी अभियान में आपकी जीत हो सकती है।


**मकरः** आज आपकी किसी से अनबन न हो, इस बात का ध्यान रखें। कामकाज में आपकी स्थितियां बेहतर होंगी। बिजनस में मुनाफे की आशा रहेगी और शादीशुदा जिंदगी में भी कामयाब होगी।

**कुंभः** आज टीमवर्क से काम करने वाला दिन है। ऑफिस में अपने साथियों के साथ मिलकर काम करने से अच्छे रिजल्ट मिलेंगे। बातचीत से कोई नया फायदा का आइडिया आ सकता है।

**मीनः** आज का दिन काफी धीमा हो सकता है। कोशिश जारी रखें तो अटके हुए काम भी बन जाएंगे। सतर्क होकर अपने काम में जुट जाएं शायद यह संघर्ष का आखिरी दौरा होगा।

## एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी : आज भारत-पाकिस्तान में होगी खिताबी भिड़ंत

नई दिल्ली। मौजूदा विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एशियाई स्वर्ण पदक विजेता जापान को 3-2 से



हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जहां अब खिताब के लिए उसका सामना रविवार को पाकिस्तान से होगा. यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 10.40 बजे शुरू होगा.शनिवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में पाकिस्तान ने मलेशिया को शूटआउट में 3-1 से मात देकर फाइनल में कदम रखा था और अब भारत के फाइनल में पहुंचने से दोनों टीमों के बीच खिताबी मुकाबला खेला जाएगा. भारत इससे पहले 2011 और 2016 के फाइनल में पाकिस्तान से भिड़ चुका है, जहां दोनों बार उसने पाकिस्तान को पीटकर खिताब अपने नाम किया था. भारत के लिए सेमीफाइनल में गुरजंत ने 19वें, चिंगलेनसाना ने 44 वें और दिलप्रीत ने 55वें मिनट में गोल दागे. वहीं, जापान की ओर से हिरोताका वाकुरी ने 22वें और हिरोताका जेनदाना ने 56वें मिनट में गोल किए.

## टीम इंडिया की हार पर कप्तान विराट कोहली ने दी सफाई

पुणे। भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने शनिवार को यहां महाराष्ट्र क्रिकेट संघ स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए तीसरे वनडे मैच में टीम की हार का कारण बताया है. विराट ने हार का ठीकरा बल्लेबाजों के सिर फोड़ते हुए कहा है कि साझेदारियां न होने के कारण टीम को हार मिली. इस मैच में वेस्टइंडीज ने भारत के सामने 284 रनों का लक्ष्य रखा था. जवाब में भारत 47.4 ओवरों में 240 रनों पर ही ढेर हो गई. उसके लिए सिर्फ कोहली ने 107 रनों की पारी खेली बाकी कोई और बल्लेबाज विकेट पर टिक नहीं सका. मैच के बाद कोहली ने कहा, हमने अच्छी बल्लेबाजी की, लेकिन पहले 35 ओवरों में विकेट में कुछ नहीं था. दूसरे हाफ में यह मुश्किल हो गई थी. हमें 250-260 तक वेस्टइंडीज





को रोकना चाहिए था, लेकिन फिर भी गेंदबाजी अच्छी थी. आखिरी 10 ओवरों में हम थोड़ा ज्यादा रन दे गए. हम साझेदारियां नहीं कर सके जो बेहद कम होता है. वेस्टइंडीज की टीम जीत की हकदार थी.

### केदार पांड्या की कमी खली विराट को

कोहली ने कहा कि टीम अपनी रणनीति को ठीक से लागू नहीं कर पाई. कोहली ने टीम संयोजन पर कहा कि केदार जाधव और हार्दिक पांड्या के रहने से टीम के पास एक गेंदबाजी विकल्प होता है. बकौल कोहली, जब हार्दिक और केदार दोनों खेलते हैं तो हमें एक अतिरिक्त गेंदबाजी विकल्प मिलता है. केदार अगले मैच से हमारे साथ जुड़ेंगे तो हमें संतुलन प्रदान करेंगे. हमें एक गेंदबाज बाहर करना होगा, लेकिन हमारे पास छह गेंदबाजों के विकल्प मौजूद हैं.

### जश्न नहीं मनाया विराट ने शतक

कोहली इस मैच में लगातार तीन वनडे मैचों में शतक जमाने वाले भारत के पहले और दुनिया के 10वें बल्लेबाज बन गए हैं. हालांकि उन्होंने अपनी पारी पर कुछ नहीं कहा. मैच में शतक लगाने के बाद भी विराट ने शतक का जश्न नहीं मनाया.

## 11 साल में पहली बार रोनाल्डो और लियोनेल मेसी नहीं होंगे आमने-सामने

नई दिल्ली। क्लब फुटबॉल में 2007 के बाद पहली बार रविवार को ऐसा मौका आने वाला है, जब मौजूदा दौर के दो दिग्गज



क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेसी एल-क्लासिको मुकाबले में आमने-सामने नहीं होंगे. स्पेनिश लीग ला लिगा में रियल मैड्रिड और एफसी बार्सिलोना के बीच होने वाले मुकाबले को एल-क्लासिको कहा जाता है. रियल और बार्सिलोना के बीच यह 238वां मुकाबला होगा. इनमें से रियल ने 95 और बार्सिलोना ने 93 मैच जीते हैं.

## रेसिपीः घर पर इस तरह बनाएं टेस्टी गोल्डन रसमलाई



त्योहारों पर लोग अक्सर बाजार से मिठाई लाकर खाते हैं लेकिन मार्केट में मिलने वाली मिठाईयां सेहत को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए आज हम आपके लिए लाएं है गोल्डन रसमलाई बनाने की रेसिपी, जो खाने में टेस्टी और बनाने में बेहद आसान है। चलिए जानते है इसे घर पर बनाने की विधि।

सामग्री- पनीर 250 ग्राम, मैदा 2 टेबलस्पून, सूजी 3 टेबलस्पून, अरारोट 1 टेबलस्पून, पानी 1 1/2 कप, चीनी 1/2 कप, दूध 2 लीटर, चीनी 2 कप , खोआ 300 ग्राम , केसर 1/2 टीस्पून, रीठा पाउडर 2 टेबलस्पून (पानी के साथ), मिंट 1 टीस्पून, पिस्ता 2 टीस्पून (कटे हुए), बादाम 1 टीस्पून (कटे हुए)।

रेसिपी- सबसे पहले एक कटोरे में पनीर, मैदा, सूजी और आरारोट लेकर अच्छे से मिक्स करें। अब इसके छोटे-छोटे बॉल्स बनाएं। फिर एक पैन में दो कप पानी और आधा कप चीनी डालकर चाशनी बनाएं। तैयार चाशनी में बॉल्स डालकर 10 मिनट तक पकाएं।

अब एक दूसरे पैन में 2 लीटर दूध गाढ़ा होने तक पकाएं फिर इसमें खोया, दो कप चीनी, केसर और रीठा पाउडर डालकर 10 मिनट तक धीमी आंच पर उबालें। ठंडा कर अब इसमें चाशनी वाली बॉल्स डालकर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दे। अब इसे मिंट, बादाम और पिस्ते के साथ सजा कर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य-72

**बाएं से दाएं**

1. याद, स्मरण 3. अग्नि, आग, पवित्र करने वाला 6. गौ जाति का नर 8. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 10. मुस्कुराहट, तबस्सुम 11. खारा, नमक के स्वाद जैसा 14. मुख्यभाग, निचोड़ 16. पिंडली व एड़ी के बीच की दोनों ओर उभरी हड्डी, गुल्फ 18. अद्भुत, विचित्र 21. सम्राट, बादशाह, नरेश 22. कृति, निर्माण करना, बनाना 23. बड़ी थाली 24. समूह, दल 26. एहसानमंद, कृतज्ञ 27. ध्वनि, सदा 28. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर।

**ऊपर से नीचे**

2. अपमान, अनादर, अवज्ञा 3. जल, नीर, अम्बु 4. वाणी, वादा, कथन 4. कर्म शब्द का अपभ्रंश, भाग्य 7. लकड़ी का घूमने वाला एक गोल खिलौना, बिजली का बल्ब 9. लोग, प्रजा 10. यात्री, राही, पथिक 12. कीड़ा 13. चोचला, अदा 15. दंड 17. अवैध, अनुचित 18. जो आधिकारिक न हो, जो अधिकार प्राप्त न हो 19. जैसा होना चाहिए ठीक वैसा, सत्यपरक, वाजिब 20. ताकत, शक्ति 24. प्रश्न, समस्या 25. घटना, घटना का वर्णन 26. एक प्रसिद्ध पक्षी जो रात में विचरण करता है, लक्ष्मीजी की सवारी 27. पानी, चमक।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टे | ढ़ा | मे | ढ़ा | ■ | म | हा | र | त |
| क | ■ | ह | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | न |
| ■ | जा | न | की | ■ | क | म | नी | य |
| ■ | ■ | त | म | क | ना | ■ | ■ | ■ |
| म | ■ | ■ | त | ह | त | ■ | दा | ब |
| सी | मा | ■ | ■ | ला | ■ | स | न | द |
| हा | थ | म | ल | ना | ■ | वा | ■ | च |
| ■ | ■ | द | ■ | ■ | घा | ल | मे | ल |
| ■ | ब | द | ह | वा | स | ■ | ■ | न |

## सू-दोकू-72

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.71 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |